तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 21.12 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 7 अप्रैल 2025

12 चंद्रपुरी से बब्याल तक शुरू होगी सिटी बस सर्विस : विज



12 हर वार्ड के विकास पर खर्च होंगे एक-एक करोड़ रुपये



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर लगने से 8 वर्षीय बच्चे की मौत

**इसराना।** पानीपत के गांव शाहपुर के पास रोहतक हाईवे पर शनिवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से आठ वर्षीय बच्चे अमित पुत्र जितेंद्र मांझी मूल निवासी गांव नेमदारगंज जिला नवादा, बिहार हाल निवासी श्री सत्यसाईं भट्ठा कंपनी, गांव शाहपुर जिला पानीपत की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक अपने वाहन समेत फरार हो गया। पोस्टमार्टम के बाद अमित का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक व मोबाइल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने गोहाना मोड़ के सामने फ्लाई ओवर पुल के नीचे नशे की हालत में सो रहे युवक की बाइक व मोबाइल चोरी करने वाले दो आरोपियों अजय पुत्र सोमपाल व सूरज पुत्र चरण सिंह निवासी अशोक विहार कॉलोनी कुटानी रोड को गिरफ्तार कर लिया है। कृष्णपुरा चौकी में मुकेश पुत्र विनोद निवासी दिल्ली की शिकायत पर केस दर्ज है।

### लूट गिरोह का भंडाफोड़ एक आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने शराब ठेकों पर हथियार के बल पर लूट करने वाले गिरोह के साहिल निवासी गांव गांजबड़ जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। गिरोह के बदमाश 27 मार्च की रात जीटी रोड पर सेक्टर 29 बाइपास स्थित शराब ठेके पर व समालखा व पट्टीकल्याण के बीच स्थित शराब ठेके से कैश लूट कर फरार हो गए थे। जबकि तीन आरोपी सुक्खा निवासी खटीक बस्ती, फारूख निवासी प्रताप बाजार व मोहित निवासी मुरथल सोनीपत फरार है।

### युवक का अपहरण कर मारपीट की, केस दर्ज

**इसराना।** गांव इसराना में स्थित गुरूद्वारे में आए अमित मूल निवासी गांव मोरखी, जिला जींद हाल निवासी गोहाना का कार सवार बदमाशों ने तीन अप्रैल की शाम को गन प्वाइंट पर अपहरण कर लिया। अमित ने बताया कि अपहणकर्ता उसे एक फैक्ट्री में ले गए और यहां पर उसके साथ रातभर मारपीट की। परिजनों को फोन कर रुपए की मांग की गई। चार अप्रैल को बदमाश उसे गोहाना छोड़कर फरार हो गए।

### सफाईकर्मी को गोली मारने वाला दबोचा

**पानीपत।** मॉडल टाउन स्थित रविंद्रा हॉस्पिटल में शनिवार की देर रात सफाई कर्मी बीर सिंह निवासी मुखीजा कालोनी को लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर जानलेवा हमले की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी सुमित निवासी गांव भादड़ जिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से लाइसेंसी रिवाल्वर व पांच जिंदा कारतूस बरामद किए है।

## सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय सम्मेलन

# बीज उत्पादकों, कीटनाशक विक्रेताओं ने की सात दिवसीय हड़ताल की घोषणा

### 23 सदस्यीय कमेटी गठित, सरकार से करेंगे बातचीत

- अनिश्चितकालीन हड़ताल में हो सकती है तब्दील

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र**

हरियाणा सरकार द्वारा लागू सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध में रविवार को कुरुक्षेत्र की सैनी समाज धर्मशाला में राज्य स्तरीय बीज उत्पादक, पेस्टीसाइड्स निमार्ता व विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस सम्मेलन में प्रदेशभर से 5 हजार से अधिक बीज उत्पादकों, पेस्टीसाइड्स निमार्ताओं व विक्रेताओं ने भाग लेते हुए सरकार द्वारा बनाए गए इस कानून का विरोध किया और इस नए कानून को वापिस लेने की मांग की। सम्मेलन में अगले 7 दिन तक प्रदेश स्तरीय हड़ताल करने की घोषणा की गई। साथ ही सरकार से बातचीत कर इस समस्या का हल निकालने के लिए 23 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। हरियाणा सीड्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष पाल सिंह धालीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में सभी लोगों ने मिलकर हरियाणा सरकार द्वारा लागू किए गए इस नए कानून के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई।



कुरुक्षेत्र। राज्य स्तरीय सम्मेलन में मंचासीन एसोसिएशन के पदाधिकारी।

सभी ने कहा कि इस कानून में व्यापारियों के खिलाफ असंगत धाराएं लगाई गई हैं, जिससे किसी भी आदमी का इस व्यापार में रहना संभव नहीं है। सम्मेलन की अध्यक्षता अश्विनी कुमार गर्ग हिसार द्वारा की गई। डीलर एसोसिएशन के प्रधान हरमेश सिंह सिरसा ने कहा कि पूरे प्रदेश में पिछले कई दिनों से तहसील व जिला स्तर पर व मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करके इस मसले पर सरकार से गुहार लगाई गई परंतु कोई सुनवाई न होने पर इस सम्मेलन में पूरे ध्वनिमत से अगले 7 दिन के लिए सारे बीज, पेस्टीसाइड व खाद विक्रेताओं ने अपनी दुकानें बंद रखने व बीज, पेस्टीसाइड निमार्ताओं ने अनिश्चितकाल तक हरियाणा में सप्लाई बंद करने का निर्णय लिया। सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि अगर अगले 7 दिन में इस मामले में कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया तो इस व्यापार को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

सम्मेलन में विशेष रूप से नरेश सिंघल, परमजीत देसवाल, सुमित गुप्ता, सुनील कालड़ा, दीपक मेहता, सुभाष खुराना, अनिल कालड़ा, ऋषि मक्कड़, ऋषिपाल कंबोज, वेद प्रकाश आर्य, अनिल कालड़ा सिरसा, सुनील भाटिया, सुनील कुमार, रिपु दमन कालड़ा, रितेश कालड़ा, संजय गुप्ता, सतीश गुप्ता, सुभाष खुराना, पवन गर्ग, रमेश बंसल, राधे गांधी प्रधान डीलर एसोसिएशन, सुभाष बब्बर, राम कुमार गुप्ता, अमित गोयल आदि भी मौजूद रहे।

### बंद रहेंगी दुकानें

सम्मेलन में सभी ने एकजुट होकर जहां अगले 7 दिन दुकानें बंद करने की घोषणा की, वहीं सरकार द्वारा उनकी मांगे न जाने के विरोध इस हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में परिवर्तित करने का निर्णय भी लिया। सम्मेलन में सरकार से बातचीत करने हेतु सर्वसम्मति से 23 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया।

# श्री हनुमान मंदिर में 3.50 लाख से बने कलश स्थापित


यमुनानगर। श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कॉलोनी में बने गुम्बद पर कलश स्थापित करवाते आचार्य शारदा मिश्रा। *फोटो : हरिभूमि*

- अष्टधातु से बने कलशों पर सोने की है परत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर**

श्री हनुमान मंदिर रामपुरा कालोनी (यमुनानगर) में 35 लाख रुपये की लागत से बने तीनों गुबंदों पर रविवार को कलश स्थापित कर दिए गए हैं। सोने की परत व अष्टधातुओं से बने कलशो पर साढ़े तीन लाख रुपये खर्च हुए। मंदिर में चल रहे श्री रामचरित मानस पाठ का आज रामनवमी के पावन अवसर पर भोग डाला गया।

इसके बाद भजन कीर्तन हुआ। भजन कीर्तन के दौरान श्रद्धालु भजनों पर जमकर झूमे। बाद में खीर का लंगर प्रसाद बरताया गया। मंदिर के आचार्य शारदा मिश्रा ने बताया कि मंदिर में स्थापित मूर्तियों के ऊपर तीन गुंबद बनाए गए जिन पर 35 लाख रुपये खर्च हुए। अब इन गुंबद पर कलश स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को मंदिर में हनुमानजी जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इससे पहले जन्म उत्सव के प्रचार प्रसार को लेकर प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। यह प्रभात फेरियां 8 अप्रैल से आरंभ होंगी। मौके पर राकेश शर्मा उर्फ स्वीटी, रोशन लाल पप्पू,दविन्द्र मेहता, अनिल लाम्बा, अमित जम्बा व पंकज भल्ला आदि मौजूद रहे।

# युवक ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

- पीड़िता ने युवक पर वीडियो बनाने का भी लगाया आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर**

सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने बहला फुसलाकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने महिला की वीडियो बना ली। आरोपी युवक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ करीब एक साल तक गलत काम करता रहा। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 31 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जुलाई 2024 में उसकी जान पहचान चंचल कंबोज नामक युवक के साथ हुई। इसके बाद आरोपी उसे फोन पर बात करने लगा। आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया। 14 जुलाई 2024 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे सुनसान स्थान पर ले गया। जहां पर आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। पीड़ति ने बताया कि इस दौरान आरोपी ने उसकी वीडियो बना ली।

आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ बार-बार संबंध बनाए। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ परिजनों को बताया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक चंचल कंबोज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सीएम सैनी ने माता बाला सुंदरी का लिया आशीर्वाद

- मां बाला सुंदरी की जनता पर अपार कृपा : नायब सिंह सैनी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। मुलाना**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने परिवार सहित माता बाला सुंदरी मंदिर में पूजा अर्चना करते देवी माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् की उपाध्यक्ष सुमन सैनी व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, जिला अध्यक्ष मनदीप राणा आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने मंदिर में माता की आरती की। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि माता बाला सुंदरी मंदिर बहुत प्राचीन मंदिर है। यहां पर दूर-दूर से श्रद्धालु-भक्तगण देवी माता की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यहां पर पिछले कई दिनों से मंदिर सोसायटी के सौजन्य से मेले का आयोजन किया गया।


मुलाना। माता बाला सुंदरी मंदिर में पूजा अर्चना करते सीएम व उनकी धर्मपत्नी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम अमित भारद्वाज, पूर्व विधायक राजबीर सिंह बराड़ा, मां बाला सुंदरी मंदिर सोसायटी के प्रधान ईशम सिंह, सचिव अशोक राणा, कार्यकारिणी सदस्य नरेश , उपप्रधान जयवीर सिंह, सह सचिव रामनाथ, जगीर, कोषाध्यक्ष देशराज, रमेश सैनी, पूर्व सरपंच नरेश चौहान, भाजपा पदाधिकारी जसमेर राणा, चंद्रशेखर आदि मौजूद रहें।

# रेलवे की खाली जमीन पर बनेगा शॉपिंग कांप्लेक्स

- यात्रियों को मिलेंगी स्टेशन पर शानदार सुविधाएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला**

अंबाला कैंट जंक्शन स्टेशन को रि-डेवलपमेंट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 300 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन की तस्वीर में बदलाव किया जाएगा। यहां यात्रियों के लिए कई तरह की अत्याधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।

हालांकि रेलवे की ओर से पहले स्टेशन के डिवेलपमेंट पर 500 करोड़ रुपये चरणबद्ध तरीके से खर्च करने की बात कही जा रही थी। रेलवे द्वारा इसके लिए बाकायदा नक्शा भी बना लिया गया है। स्टेशन की खाली पड़ी जगह पर शॉपिंग कांप्लेक्स, सुरक्षा के ऑफिस और रेस्टोरेंट भी खोले जाने की योजना है। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। रेल लैंड डिवेलपमेंट ऑथोरिटी (आरएलडीए) ने अंबाला कैंट के रि-डेवलपमेंट के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत दो बार नक्शा भी तैयार किया जा चुका है। अब नक्शे में कुछ बदलाव किए गए हैं। इसके तहत स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के लिए पूरा ध्यान रखा जा रहा है। रेलवे की प्राथमिकता है कि मुसाफिरों के लिए बेहतर से बेहतर सुविधाएं की जाएं। रेलवे ने आरएलडीए को साफ निर्देशित किया है कि, अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जाए।

सभी इमारत आकर्षक रूप से तैयार की जाएं। साथ ही रेलवे ने यह भी कहा है कि रेलवे के परिसर में पार्किंग के अलावा अन्य कोई भी इमारत नहीं बनाई जाएगी। पार्किंग का दायरा बढ़ाने को लेकर भी रेलवे ने आरएलडीए को कहा है।



अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन का बाहरी दृश्य।

### पार्किंग इमारत बनेगी

अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर एक समय में 300 गाड़ियां एक साथ पार्क की जा सकें। पार्किंग के लिए इमारत बनाई जाएगी। इस सुविधा के तहत भूमिगत या बहुउद्देशीय को लेकर चर्चा की गई है। स्टेशन को रि-डिवेलपमेंट के दौरान यात्री सुविधाओं पर फोकस करने के लिए कहा गया है। मंत्री अनिल विज ने भी इसको लेकर रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की थी जिसमें यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ रखने की निर्देश दिए थे। रेलवे परिसर में यात्रियों को बेहतर भोजन की व्यवस्था के लिए कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा सकती है।

# विदेश भेजने के नाम पर व्यक्ति से ठगे साढ़े नौ लाख रुपये

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर**

शहर की शिवपुरी कॉलोनी निवासी ईश्वर सिंह सैनी से विदेश भेजने के नाम पर साढे नौ लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप पंजाब के मोहाली निवासी अमनदीप सिंह, कारण रांगडा, सतबीर सिंह व पूजा पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

शिवपुरी कॉलोनी निवासी ईश्वर सिंह सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने लड़के को रोजगार के लिए विदेश भेजने चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात पंजाब के मोहाली निवासी अमनदीप सिंह, कारण रांगडा, सतबीर सिंह व पूजा के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि वह उसके लड़के को विदेश भेज देंगे। इसके लिए उसे साढ़े नौ लाख रुपए देने होंगे। उसने आरोपियों पर विश्वास करके जून 2023 में उक्त पैसे तथा जरूरी दस्तावेज दे दिए। मगर इसके बाद आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। काफी समय बीतने के बाद जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी थी।

# पेट्रोलपंप के सेल्समैन पर पिस्तौल तानकर लूटी नकदी, केस दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** गांव मुस्तपुर के करीब पेट्रोलपंप पर कार्य कर रहे सेल्समेन से बाइक सवारों द्वारा नगदी लूटने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने इस संदर्भ में सेल्समेन प्रदीप की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में सेल्समैन प्रदीप ने बताया कि रविवार अलसुबह करीब 4 बजे सुबह एक बाइक पर 3 नौजवान लड़के जिन्होंने अपने मुंह कपड़े से ढके हुए थे, पेट्रोल पंप पर आए और तेल डलवाकर 100 रुपये मुझे दे दिए थे और उसके बाद उनमें से 2 लड़के मेरे पिछले ऑफिस में आ गए। इनमें से एक लड़के ने पिस्तौल दिखा कर दोनों लड़कों ने गल्ले से 10610 रुपए निकाल लिए और तीनों लड़के कुरुक्षेत्र की तरफ भाग गए।

## अंतरराष्ट्रीय संगीतकारों ने किया धार्मिक और आध्यात्मिक संगीत कार्यक्रम

# कुरुक्षेत्र संगीत, योग व मेडिटेशन के लिए उत्तम स्थान: डॉ. पाल

- बुल्गारिया, आस्ट्रिया और इटली के संगीतकारों ने अपने वाद्ययंत्रों से दी आध्यात्मिक प्रस्तुतियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में अंतरराष्ट्रीय संगीतकारों द्वारा धार्मिक और आध्यात्मिक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आध्यात्मिक और धार्मिक क्षेत्र कुरुक्षेत्र संगीत, योग और मेडिटेशन के लिए उत्तम स्थान है।

वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में रामनवमी के अवसर पर रविवार को जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में इंटरएक्टिव सेशन के अंतर्राष्ट्रीय म्यूजिक कंसर्ट 'बरीधी ऐनसेंबल' कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। बुल्गारिया के बरीधी के नेतृत्व में ऑसट्रिया और इटली के संगीतकारों ने गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने अंतर्राष्ट्रीय म्यूजिक कंसर्ट बरीधी ऐनसेंबल के सभी संगीतकारों को अपनी यात्रा के दौरान 40 कोस दूरी पर स्थित धार्मिक और आध्यात्मिक केंद्रों का अवश्य ही भ्रमण करने के लिए प्रेरित किया। गीता की पावन भूमि कुरुक्षेत्र जोकि योग और अध्यात्म का मुख्य केंद्र रहा है और वर्तमान में भी है, वहां पर आध्यात्मिक संगीत अच्छे से फल-फूल सकता है। बुल्गारिया के संगीतकार बरीधी ने विद्यार्थियों को आत्मिक शांति के लिए दैनिक जीवन में मेडिटेशन करने पर जोर देते हुए कहा कि आंतरिक शांति से ही बाहरी शांति संभव होती है। अगर जीवन में ठान लिया जाए तो जीवन में मुश्किल दौर से भी निकल कर मेडिटेशन की राह पर चला जा सकता है।


कुरुक्षेत्र। वाद्ययंत्रो से आध्यात्मिक प्रस्तुतियां देते संगीतकार।

अंतरराष्ट्रीय म्यूजिक कंसर्ट संगीतकारों ने अपने अनुभवों और वर्तमान चुनौतियों को भी विद्यार्थियों के समक्ष रखा और विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये आध्यात्मिक प्रश्नों का जवाब दिया। चिन्मय कुमार घोष के जीवन दर्शन पर वृत्तचित्र का भी दिखाया गया। अंतर्राष्ट्रीय म्यूजिक कंसर्ट कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने बरीधी ऐनसेंबल के संगीतकारों को पवित्र गीता और अंगवस्त्र देकर स्वागत और सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्कृति सोसायटी फॉर आर्ट कल्चर डेवलपमेंट के अध्यक्ष धर्मेंद्र डांगी, महासचिव विकास शर्मा, संगीत एवं नृत्य विभाग के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. पुरुषोत्तम कुमार, डॉ. ज्ञान सागर सिंह, तबला वादक विकास कुमार और जनसंचार संस्थान के अस्सिटेंट प्रोफेसर गौरव कुमार, डॉ. अभिनव, डॉ. तपेश किरण, डॉ. रोशन मस्ताना, गौरव कुमार, राकेश कुमार, सचिन कुमार, अमित कुमार, राहुल अरोड़ा, प्रीति, नीतिन चावला, सुनिता, रितु, डॉ. प्रदीप, कंचन शर्मा अर्पणा, मोनिका और नॉन टीचिंग स्टॉफ डॉ. सतीश राणा, अनिल कुमार, आदि उपस्थित रहे।

### संगीत को महत्व दें

प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि संगीत, संस्कृति और आध्यात्मिकता व्यक्तित्त्व को आगे बढ़ाता है। विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में संगीत और आध्यात्मिकता को प्रमुख स्थान देना चाहिए। मनुष्य के व्यक्तित्त्व का विकास तीन मुख्य बिंदुओं पर रहता हैं जिसमें संगीत, संस्कृति, और अपणी बोली, इसलिए इनको साथ लेकर ही आगे बढ़ा जा सकता है।

# सत्य धर्म की ओर ज्योतिराव फुले विषय पर संगोष्ठी आज

- ज्योतिराव फुले के सुधार आंदोलन विरासत के मूल्यांकन पर वक्ता रखेंगे विचार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर, इतिहास विभाग द्वारा सत्य धर्म की ओर ज्योतिराव फुले, उनके सुधार आंदोलन और विरासत का मूल्यांकन विषय पर भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ 7 अप्रैल 2024 को प्रातः 10.30 बजे सीनेट हॉल में होगा।

इतिहास विभाग के अध्यक्ष एवं महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर के प्रभारी प्रोफेसर एस.के. चहल ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। वहीं भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. रघुवेंद्र तंवर बतौर मुख्य अतिथि अपना उद्बोधन देंगे। प्रो. एस.के. चहल बताया कि संगोष्ठी में प्रोफेसर उमेश बागडे, इतिहास विभाग, डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद मुख्य वक्ता तथा रवींद्र भारती विश्वविद्यालय, कलकत्ता के प्रो. हितेन्द्र पटेल गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे तथा विशेष भाषण देंगे। 8 अप्रैल 2025 को दोपहर 12.30 बजे सीनेट हॉल में समापन सत्र में प्रोफेसर विश्वनाथ शिंदे, पूर्व निदेशक, महात्मा ज्योतिबा फुले चेयर, सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी, पुणे मुख्य अतिथि होंगे और समापन भाषण देंगे। प्रोफेसर विक्टर बाबू, इतिहास विभाग, बीबीएयू, लखनऊ सम्मानित अतिथि होंगे।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर चुराई साढ़े चार लाख की नकदी

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में चोरों ने सूने घर में घुसकर साढ़े चार लाख रुपए की नकदी चोरी कर ली। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। जब वापस लौटे तो चोरी के बारे में पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### देसी कट्टे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू ने गांव कैल के नजदीक से एक युवक को अवैध देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत

**यमुनानगर।** जिले में हुए सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। करण विहार कॉलोनी निवासी विकास शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शनिवार को अपनी पत्नी अदिति, रिया शर्मा तथा गौरी शर्मा के साथ कार में किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव सारण के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रही कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी। जिससे वह चारों घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसकी पत्नी अदिति की मौत हो गई। उधर, गांव पांडो निवासी जनकराज ने बताया कि उसका परिचित गांव श्यामपुर निवासी 55 वर्षीय गुलाब बाइक पर जा रहा था। जब वह गांव पांडो के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने गुलाब सिंह की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे गुलाब सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने गंभीर हालत में गुलाब सिंह को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### ग्रामीणों ने उपायुक्त से मिलकर गांव के पूर्नवासन करने की मांग

# रतनपुरा के ग्रामीण थर्मल प्लांट से निकलने वाली राख से परेशान

■ उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने थर्मल प्लांट के अधिकारियों को रतनपुरा के ग्रामीणों की समस्या का तुरंत समाधान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट यमुनानगर की चिमनियों से निकलने वाली राख से रतनपुरा गांव के निवासी परेशान हैं। इस परेशानी को लेकर रतनपुरा गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त पार्थ गुप्ता से उनके कार्यालय में पहुंचकर भेंट की और उनसे रतनपुरा गांव का किसी अन्य स्थान पर पूर्नवासन किए जाने की मांग की। उपायुक्त ने थर्मल पावर प्लांट के अधिकारियों व एसडीएम जगाधरी सोनू राम को रतनपुरा के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किए जाने के निर्देश दिए।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में उपायुक्त पार्थ गुप्ता से अपनी समस्या बताते हुए रतनपुरा गांव के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

रतनपुरा के पूर्व सरपंच गोपाल सिंह, गुलाब सिंह, श्रवण सिंह व जितेंद्र के नेतृत्व में दर्जन भर ग्रामीण उपायुक्त कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उपायुक्त पार्थ गुप्ता से मिलकर अपने गांव की समस्या से अवगत करवाया। पूर्व सरपंच गोपाल सिंह व जितेंद्र कुमार ने उपायुक्त पार्थ गुप्ता को बताया कि उनके गांव में करीब तीन सौ घर हैं।

कुछ वर्ष पहले उनके गांव के नजदीक दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट की स्थापना हुई थी। थर्मल पावर प्लांट की चिमनियों से रोजाना उनके गांव के सभी घरों में राख गिरती रहती है। आलम यह है कि ग्रामीण घर के आंगन में बैठकर ना तो खाना आदि खा सकते हैं और ना ही कपड़े आदि सुखा सकते हैं। क्योंकि थर्मल पावर प्लांट से हर समय उनके घरों की छतों, आंगन व खेतों में राख गिरती रहती है। इस राख के गिरने के कारण लोगों का स्वास्थ्य भी खराब होने लगा है। उन्होंने उपायुक्त पार्थ गुप्ता से पानीपत थर्मल पावर प्लांट के पास स्थित गांव खुकराना की तर्ज पर उनके गांव रतनपुरा का भी पुनर्वासन किए जाने की मांग की। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने रतनपुरा के ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए थर्मल पावर प्लांट के अधिकारियों व जगाधरी के एसडीएम सोनू राम को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का निदान शीघ्र ही किया जाएगा।

#### किया जा रहा प्रयास

थर्मल पॉवर प्लांट के चीफ रमन सोबती ने कहा कि राख को कंट्रोल करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जब तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो जाता है तब तक पानी का छिड़काव बढ़ाया जाएगा और राख की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

### कार्यशाला का कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने

# छात्राओं को दिया बेकरी प्रोडक्ट बनाने का प्रशिक्षण



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को बेकरी प्रोडेक्ट बनाने सिखाते हुए प्रशिक्षक।

■ डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में गृह विज्ञान विभाग द्वारा बेक एंड ग्रो विषय पर आयोजित की कार्यशालान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के इंस्टीट्युशनल इनोवेशन काउंसिल व गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बेक एंड ग्रो विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट भंभौली से आए असिस्टेंट लेक्चरार मुकेश कुमार ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के बेकरी प्रोडक्ट बनाने के बारे में थ्यूरी व प्रैक्टिल नॉलेज प्रदान की। कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. सुरिंद्र कौर, आइसीसी कनवीनर विवेक व गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष पारूल सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यशाला का शुभारंभ किया।

असिस्टेंट लेक्चरार मुकेश कुमार ने कहा कि रसोई में हम सभी बुनियादी खाना पकाते हैं। जबकि बेकरी व्यावसाय को शुरू करने के लिए बेकिंग तकनीकों में महारत हासिल करना जरूरी है। जिसके लिए हमें ऑवन की जरूरत होती है। बेकिंग व्यंजनों के लिए फ्राइंग, रोलिंग और आटा तैयार करने का व्यावहारिक अनुभव भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बेकिंग प्रोडक्ट तैयार करते समय मीठे और नमकीन के स्वाद में भी संतुलन जरूरी है। ऑवन में बेहतर प्रोडक्ट तैयार करते हुए समय और तापमान नियंत्रण में भी कुशलता जरूरी है। किस प्रोडक्ट में किस प्रकार के मसाले इस्तेमाल किए जाने हैं। इसकी भी जानकारी होनी चाहिए। प्रोडक्ट तैयार करने के बाद उसकी प्लेटिंग और प्रेजेंटेशन के बारे में नॉलेज होनी चाहिए। गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष पारूल सिंह ने बताया कि कार्यशाला में छात्राओं को ब्रेड बनाने, एप्पल पाई, आइसिंग के साथ केक, गट्टे पुलाव, स्विस रोल, पैटीज, पालक और मशरूम सूप, कचौरी, कुकीज, चॉकलेट ब्राउनी सहित अन्य चीजें बनानी सीखाई गई। इसके अलावा सभी चीजों को किस प्रकार से टेबल पर सजाया जाता है इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। प्रिंसीपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिहाज से बेक एंड ग्रो वर्कशाप का आयोजन किया गया। छात्राएं बेकरी प्रोडक्ट बनाना सीखकर घर से भी कोई स्टार्टअप शुरू कर सकती हैं। इससे उसकी आय में वृद्धि होगी,वे परिवार की आर्थिक मदद प्रदान कर सकेंगी।

### जागरण के समापन पर भंडारे का हुआ आयोजन

# मां तू मेरी है हां मां तू मेरी है ...भजन पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

शहर के ससौली मार्ग स्थित पूज्य ज्वाला माता मंदिर में मां भगवती के जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में भजन गायक समर्पित व रसिक ने अपने मां के भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जागरण का शुभारंभ भजन गायक समर्पित व रसिक मंडली ने मां तू मेरी है हां मां तू मेरी है... भजन सुनाकर साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद भजन गायक मंडली द्वारा रात भर विभिन्न मां के भजन गाकर साध संगत को भाव विभोर किए रखा। इस दौरान मां की झांकियां भी निकाली गई और मंदिर में महाकाली मैया का बहुत मन मोह लेने वाला स्वरुप सजाया गया । मंदिर से सेवक समर्पित ने बताया की हर नवरात्रों की अष्टमी को मंदिर में मां भगवती का जागरण आयोजित किया जाता है और पुरे मंदिर परिसर को बहुत ही मनमोह लेने वाले तरीके से सजाया जाता है । नवमी की सुबह सारी साध संगत को पूज्य ज्वाला माता के आठ दिन के जन कल्याण हेतु एकांतवास के बाद सूंदर दर्शन और शुभ आशीर्वाद का अवसर प्राप्त होता है।



**यमुनानगर।** ज्वाला माता मंदिर में आयोजित मां भगवती के जागरण में भजन गाते हुए भजन गायक व श्रवण करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### आरोपियों को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया

# रादौर में दो नशा तस्करों से पुलिस ने बरामद की 18 ग्राम स्मैक

■ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरु की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

हजारों रुपये की स्मैक लेकर कहीं सप्लाई करने जा रहे दो नशातस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 18 ग्राम स्मैक बरामद की। रादौर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्जकर उन्हें अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि रादौर पुलिस के एएसआई विजय कुमार को देर शाम सूचना मिली थी कि दो युवक उत्तर प्रदेश की ओर से कोई अवैध नशीला पदार्थ लेकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर रादौर की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने सूचना मिलते ही रादौर के पावर हाउस के नजदीक नाकाबंदी करके वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर के बाद पुलिस को दो युवक मोटरसाइकिल पर आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों युवकों को रोक लिया और मौके पर रादौर की तहसीलदार सुदेश कुमारी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में बुलाया गया। जिनके समक्ष आरोपियों की तलाशी ली गई तो उनके पास से हजारों रुपये की 18 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों की पहचान छोटाबांस निवासी जितेंद्र व सिलीकलां निवासी निमित के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेशकर एक दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया। रिमांड के दौरान आरोपियों से पता लगाया जा रहा है कि वह स्मैक कहां से खरीदकर लाए हैं और किसे सप्लाई करना चाहते थे। पूछताछ में मामले में संलिप्त पाए जाने वाले आरोपियों के खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करने की तैयारी में है।



**यमुनानगर।** रादौर पुलिस द्वारा अवैध नशीले पदार्थ के साथ पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में बैठे हुए।



रादौर( पक्का घाट की साफ सफाई करते हुए रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# सफाई अभियान चलाकर रादौर के पक्का घाट को किया स्वच्छ

**रादौर।** रोटरी क्लब रादौर द्वारा सफाई अभियान चलाकर कस्बा के नजदीक पश्चिमी यमुना नहर के पक्का घाट पर साफ सफाई कर स्वच्छ किया गया। इस दौरान पक्का घाट पर रोटरी क्लब के सदस्यों ने सफाई करके कूड़ा कर्कट को उठाया गया। अभियान का शुभारंभ क्लब के प्रधान निर्मल बैंडी ने सफाई करके किया। क्लब के प्रधान निर्मल बैंडी व महिला प्रधान पूजा माटिया ने बताया कि पक्का घाट कस्बा समेत इलाके के लोगों की आस्था का केंद्र हैं। इस घाट पर पहुंचकर लोग अपने धार्मिक कार्यक्रमों के लिए अनुष्ठान करते हैं। रोटरी क्लब द्वारा पक्का घाट को साफ व स्वच्छ रखने के लिए हर महीना सफाई अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के तहत पक्का घाट पर सफाई अभियान चलाकर वहां से गंदगी को उठाया गया। उन्होंने बताया कि पक्का घाट निर्माण स्थानीय लोगों द्वारा 1834 में किया गया था। तब से लेकर आज तक स्थानीय लोग अपने धार्मिक अनुष्ठान के लिए पक्के घाट पर पहुंचते हैं। उन्होंने लोगों से पक्का घाट की साफ सफाई का ध्यान रखे जाने की अपील की। इस अवसर पर रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य डॉ. एससी सैनी, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, मोहित गर्ग, भारत माटिया, रविंद्र शर्मा, सुमन शर्मा व संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

■ गांव मंधार में कुरुक्षेत्र के गुरुकुल के वाइस चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतपाल ने फहराया पार्टी का ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

भारतीय जनता पार्टी रादौर के कार्यकर्ताओं ने रविवार को गांव मंधार समेत विभिन्न स्थानों पर भाजपा के ध्वज लगाकर पार्टी का 45वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने भारत माता के नारों का जयघोष भी किया।

#### मंधार में भी कार्यक्रम

भाजपा की ओर से गांव मंधार में पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता व गुरूकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन मास्टर सतपाल कांबोज ने कार्यकर्ताओं के साथ अपने घर पर भाजपा पार्टी के झंडा फहराया। इस अवसर पर मास्टर सतपाल कांबोज ने कहा कि 6 2014 के आम चुनावों में देश के लोगों ने भाजपा को अपना बहुमत देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने का काम किया। भाजपा ने 282 सीटें जीतकर इतिहास रचा। 1984 के बाद पहली बार भारतीय संसद में किसी एक दल को पूर्ण बहुमत मिला था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 303 सीटें जीतकर इतिहास रचा। 2024 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने प्रदेश में 48 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत प्राप्त किया।



**यमुनानगर।** गांव मंधार में भाजपा के स्थापना दिवस पर झंडा फहराते मास्टर सतपाल कांबोज मंधार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### सैनी समाज ने फहराए ध्वज

सैनी समाज के प्रधान एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप सैनी व सतीश सैनी ने अपने अपने घरों की छतों पर भाजपा पार्टी का झंडा लहराकर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संदीप सैनी व सतीश सैनी ने कहा कि भाजपा पार्टी अब एक बडे पेड का रूप धारण कर चुकी है। भाजपा पार्टी 36 बिरादरी की पार्टी है। भाजपा को खड़ा करने में अनेक वर्करों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से पूरा देश गर्वित है।

### नेताओं ने अपने निवास पर पार्टी का ध्वज फहराया

# राष्ट्रवाद व जनसेवा की भावना से ओतप्रोत है भाजपा: मेयर

■ ध्वज लगाकर विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी समेत सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व अन्य नेताओं ने अपने अपने निवास स्थानों पर पार्टी का ध्वज फहराया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने ध्वज लगाकर विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

मेयर सुमन बहमनी ने शहर के संजय विहार स्थित अपने निवास स्थान पर परिवार के साथ पार्टी का ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के साथ हमारी यह यात्रा राष्ट्र निर्माण और जन सेवा को समर्पित है। हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। मेयर ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर नए भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी स्थापना से लेकर जो यात्रा शुरू की थी। वह आज एक मजबूत और समर्पित संगठन के रूप में देश और जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रही है।





**यमुनानगर।** नगर निगम की नवनिर्वाचित मेयर सुमन बहमनी समेत भाजपा के दिग्गजों ने अपने अपने निवास स्थान पर भाजपा के स्थापना दिवस पर फहराया पार्टी का ध्वज।

#### जनभावना की सेवा से है ओतप्रोत

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी नई पहचान बनाई है। चाहे गरीब कल्याण योजनाएं हों, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्वच्छ भारत मिशन या इनफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन और हर नीति आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं है। बल्कि यह एक विचारधारा है जो राष्ट्रवाद ,पारदर्शिता और जनसेवा की भावना से ओतप्रोत है।

# दीवांक एंड टीम ने जीती बास्केटबॉल स्पर्धा

■ मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में आयोजित हुई बास्केटबॉल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में नौवी, दसवीं व 11वीं बच्चों के लिए बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने किया।

प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने बताया कि बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शिवम एंड टीम व दिवांक एंड टीम के बीच खेला गया। इस दौरान शिवम एंड टीम ने पांच बास्केट अंक प्राप्त किए। वहीं, दीवांक एंड टीम ने 7 बास्केट अंक प्राप्त कर 2 बास्केट अंको से जीत प्राप्त की। प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने विजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने स्कूल के अन्य विद्यार्थियों को भी इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मौक विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कोच सचिन कुमार ने बताया कि खेलों से विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास होता है। आंचल शर्मा व संस्कृत शिक्षक बलराम शर्मा ने विजेता टीम को शुभकामनाएं दीं।



**यमुनानगर।** रादौर के मुकंदलाल स्कूल में आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम पुरस्कार प्राप्त कर खुशी जताते हुए विजेता टीम के खिलाड़ी।

**सत्संग** | दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी में संत संर्कीतन कार्यक्रम का किया आयोजन

### साध्वी सरस्वती भारती ने साध संगत को गुरु की महिमा से करवाया अवगत

# गुरु संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए धरा पर होते हैं अवतरित: भारती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संर्कीतन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्र की साध संगत ने भाग लिया। कार्यक्रम में साध्वी सरस्वती भारती ने साध संगत को गुरु की महिमा से अवगत करवाया। मौके पर उन्होंने सभी साध संगत को राम नवमी की शुभकॉमना दी। साध्वी सरस्वती भारती ने फरमाया कि निराकार शक्ति परमपिता परमात्मा कष्ट एवं पीड़ा से बिलखती जीवात्माओं की पुकार सुनकर साकार रूप में धरा पर आते हैं। उनका स्वभाव एक माता की तरह करूणा एवं वात्सल्य से भरपूर होता है। उन्होंने कहा कि निराकार शक्ति की पूजा करना बहुत सरल है। क्योंकि निराकार स्वरूप से हमारे अहंकार को क्षति नहीं पहुंचती है।



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित संत संर्कीतन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए साध्वी भारती व श्रवण करते हुए साध संगत।

#### शरणागत होने से विकार सहज ही हो जाते हैं विदा

जब वह परम शक्ति साकार स्वरूप धारण करके हमारे जैसा ही बन कर इस धरा पर आता है तो उसकी पूजा करना सरल नहीं है। क्योंकि उनकी शरणागत होने से मन के विकार सहज ही विदा हो जाते हैं। गुरु को ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश की संज्ञा दी जाती है। क्योंकि वे अपनी शरण में आने वाले शिष्य का आध्यात्मिक निर्माण करके उसके भीतर देवत्व के गुणों का संचार कर देते हैं। गुरू की महिमा को शब्दों में न तो बोला जा सकता है न ही लिखा जा सकता है । क्योंकि गुरू की महिमा अनन्त है। गुरु अपने शिष्य के जीवन में पिता की तरह सदैव उसका संरक्षण करते हैं। माता बन कर करुणा एवं वात्सलय लुटाते हैं और सखा बन कर हम पर आने वाली परिस्थितियों के साथ भी लड़ते हैं। गुरू वो शक्ति है जो शिष्य को परीक्षा की अग्नि में डालते हैं । लेकिन जलने नहीं देते हैं। शिष्य को अंतर्घट के समुद्र की गहराई में ले जाते हैं। लेकिन डूबने नहीं देते हैं।

## खबर संक्षेप



### भाजपा राष्ट्र उत्थान के लिए कार्य कर रही : वर्मा

**कुरुक्षेत्र।** देश के गरीबों की अनदेखी से विचलित होकर अन्तोदय के संकल्प को लेकर 6 अप्रैल 1980 को एक छोटे से पौधे के रूप में अंकुरित पार्टी अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी का गौरव हासिल कर चुकी है और लगातार तीसरी बार केंद्रीय सरकार के रूप में समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास और राष्ट्र उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है।
उक्त विचार भाजपा नेता और कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने व्यक्त किए।

### वात्सल्य वाटिका में मासिक यज्ञ आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मा कॉलोनी स्थित श्री शिव शक्ति आश्रम एवं वात्सल्य वाटिका में रविवार को राम नवमी के अवसर पर मासिक यज्ञ और बाल विवाह मुक्त समाज विषय पर संगोष्ठी हुई। सुबह यज्ञशाला में मासिक यज्ञ अनुष्ठान किया गया जिसमें मुख्य यजमान वरुण यादव,शालू यादव व समाजसेवी जसबीर पुंज सहित आश्रम से जुड़े श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों ने आहुतियां दी।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया श्रीराम नवमी महोत्सव

# श्रीराम की आदर्श-मर्यादा जन-जन में विश्वास के रूप में व्याप्त : श्रीप्रकाश

- मर्यादा पुरुषोत्तम राम का सामाजिक महत्व उनके चरित्र, आदर्शों और मूल्यों में निहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




मर्यादा पुरुषोत्तम राम का सामाजिक महत्व उनके चरित्र, आदर्शों और मूल्यों में निहित है, जो भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत हैं। वे सत्य, न्याय, धर्म और मयार्दा के प्रतीक हैं, जो समाज को दिशा देते हैं। उन्होने दया, सत्य, सदाचार, मयार्दा, करुणा और धर्म का पालन किया। भगवान राम ने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया था। इसी कारण से उनको मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित रामोत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने रामोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से हुआ। विद्यार्थियों ने सुमधुर भजनों के गायन द्वारा भगवान श्री राम की स्तुति की। श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। रामोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा जीवन जीने की उच्चतम मयार्दा का पथ प्रदर्शक भगवान श्रीराम के जीवन पर दृष्टिपात करेंगे तो निश्चित ही हमें कई पाथेय दिखाई देंगे, लेकिन इन सब में सामाजिक समरसता का आदर्श उदाहरण कहीं और दिखाई नहीं देता। अयोध्या के राजा श्रीराम ने अपने जीवन में अनुशासन और विनम्रता का जो चरित्र प्रस्तुत किया, वह आज भी समाज के लिए एक दिशाबोध है।वर्तमान में हम स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि समाज को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण जहां एक ओर समाज की शक्ति तो कमजोर हो रही है, वहीं देश भी कमजोर हो रहा है। वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। सामाजिक एकता स्थापित करने के लिए रामायण हम सभी को उचित मार्ग दिखा सकती है। भगवान श्रीराम की आदर्श और मर्यादा भारत के जन जन में लोक आस्था एवं विश्वास के रूप में व्याप्त है।



### मंदिरों में भक्तों की लगी कतारें

***शाहबाद।*** *चैत्र मास के नवरात्रों के उपलक्ष मे नगर के माता बाला सुंदरी और शाकुभरी माता के भवन में दुर्गा नवमी के मौके पर अल सुबह भक्तों का तांता लगा रहा। माता के भक्तों ने लंबी-लंबी कतारों मैं खड़े होकर माता को हलवा पुरी का प्रसाद का भोग लगाया। माता का भवन जय माता की उद्घोष से गूंजायमान रहा। भक्तों ने माता को फल फूल इत्यादि चढ़कर दर्शन किए। माता के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। मंदिर सभा के प्रधान पवन गर्ग ने बताया चैत्र मास के नवरात्रों में चार दिवसीय मेला लगता है जिसमें दूर दराज से मां के भगत दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। सभा के प्रधान के अनुसार अष्टमी और नवमी के दिन लाखों माता के भगत दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा मेले में दंगल की व्यवस्था भी की जाती है जिसमें हरियाणा पंजाब और राजस्थान से पहलवान पहुंचते हैं और अपनी ताकत के जौहर का प्रदर्शन करते हैं जो पहलवान विजय होते हैं उनको मंदिर सभा की ओर से सम्मानित किया जाता है। मंदिर के भवन को दुल्हन की तरह लाइटों और फूलों से सजाया गया है। मेले के दौरान काफी संख्या में दुकानदार पहुंचते हैं। इसके अलावा नगर से माता की झांकियां निकली जाती हैं माता की झांकियां बैंड बाजो की अगवाई में जाती हैं।*

## स्वस्थ व्यक्ति जीवन के हर लक्ष्य को सहजता से कर सकता पूराः डीएसपी



- डीएसपी सुनील कुमार ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से साई कुरुक्षेत्र से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत पुलिस प्रशासन के सहयोग से साइकिल रैली निकाली गई। इस साइकिल रैली को डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार ने हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति अपने जीवन के हर लक्ष्य को सहजता से पूरा कर सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य और फिटनेस की तरफ विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके साथ ही अपने खान-पान की आदतों को भी ठीक रखना होगा। उन्होंने कहा कि फिटनेस केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और ऊजार्वान जीवनशैली की कुंजी है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नियमित शारीरिक गतिविधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। डीएसपी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र के नशा मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है।

### भाजपा का 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस जिला कार्यालय में बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें पार्टी के कार्यकतार्ओं ने अपनी एकजुटता और समर्पण का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्टी ध्वज फहराकर स्थापना दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत की गई और पार्टी के इतिहास, संघर्षों और उपलब्धियों को याद किया गया।

# संतों का आशीर्वाद किसी कार्य को सफल बनाने के लिए आवश्यक : कटारिया

**व्यवसायिक प्रतिष्ठान सिटी एसोसिएट का किया शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के केडीबी मार्ग पर संत महात्माओं के आशीर्वाद से भाजपा नेता सूरजभान कटारिया ने अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान सिटी एसोसिएट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हरिद्वार से आए रविदासआचार्य सुरेश राठौड़, महात्मा सतनाम दास बेगमपुरा, संत जैन दास हितकारी, संत गुरपाल दास जी लाडवा ने पहुंचक आशीर्वाद दिया और गुरु वाणी से सभी को निहाल किया। इस मौके पर सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सूरज भान कटारिया और उनके बेटे उमंग कटारिया को शुभकामनाएं भेंट की। सूरजभान कटारिया ने कहा कि भारतीय संस्कृति में यह मान्यता है कि संत महात्माओं का आशीर्वाद किसी भी कार्य को सफल बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक होता है। स्थानीय क्षेत्र में सक्रिय रूप से सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक रूप से कार्यरत भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज भान कटारिया को व्यवसायिक प्रतिष्ठान के शुभारंभ किया।



**कुरुक्षेत्र।** सिटी एसोसिएट के शुभारंभ में पहुंचे संत महात्मा सूरजभान कटारिया को आशीर्वाद देते हुए।

## छात्राओं का आत्मविश्लेषण और करियर निर्माण की दिशा में किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उदयन शालिनी फेलोशिप, कुरुक्षेत्र चैप्टर द्वारा एक विशेष ऑनलाइन करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस सार्थक पहल का संचालन चैप्टर कन्वीनर डॉ. सुषमा शर्मा के नेतृत्व में किया गया। सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. स्वतंत्र जैन, जो एक प्रसिद्ध प्रोफेशनल साइकोलॉजिस्ट एवं थेरेपिस्ट हैं, ने अपने अनुभव और विशेषज्ञता से शालिनियों को आत्मविश्लेषण और करियर निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया। कुल 56 शालिनियों ने इस सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र की शुरूआत बहुत ही सरल लेकिन प्रभावशाली अंदाज में हुई, जहाँ डॉ. जैन ने सबसे पहले यह समझाया कि जीवन में सही करियर का चुनाव केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण निर्णय होता है, जो हमारे पूरे भविष्य को आकार देता है। उन्होंने करियर चयन में होने वाली आम गलतियों जैसे सामाजिक दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएँ, सीमित जानकारी या केवल आर्थिक लाभ को आधार बनाना जैसे मुद्दों को उजागर किया।



डॉ. स्वतंत्र जैन।

# सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : चुघ

**भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर बांटे लड्डू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस थानेसर नगर परिषद से नगर पार्षद सुधीर चुघ ने अपने गऊशाला बाजार स्थित कार्यालय में मनाया। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर लड्डू बांटकर इस दिन को उत्साह के साथ मनाया। उन्होंने अपने घरों पर पार्टी का झंडा फहराया। सुधीर चुघ ने बताया कि बीजेपी की स्थापना 6 अप्रैल, 1980 को हुई थी। इस ऐतिहासिक दिन पर कार्यकतार्ओं ने छोटे-छोटे कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने पार्टी की एकजुटता का प्रदर्शन किया। कार्यकतार्ओं ने पार्टी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकतार्ओं ने एक महत्वपूर्ण संकल्प भी लिया। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का प्रण लिया। इस अवसर पर संदीप कोहली, विशाल कक्कड़, तरुण पोपली, रोहित वास, जसपाल सिंह, परमजीत सिंह पम्मा, परविंदर सिंह, बलवीर सचदेवा, धैर्य चुघ आदि मौजूद रहे।



### नशे से दूर रहने का अनोखा संदेश देगी साइक्लोथॉन : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहने का विशेष संदेश देने के लिए साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र में पहुंचेगी। यह साइक्लोथॉन हिसार से चलकर 27 अप्रैल को सिरसा जिले में सम्पन्न होगी। इस साईकिलोथॉन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि साइक्लोथॉन में प्रदेश भर से 50 लाख से ज्यादा लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। उपायुक्त नेहा सिंह साइक्लोथॉन को लेकर अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऑन लाइन प्रणाली से साइक्लोथॉन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए सख्त आदेश दिए। इस साइक्लोथॉन के लिए नगराधीश को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## मानसून से पहले नालों-नहरों की सफाई सुनिश्चित करें अधिकारी : नेहा सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने आगामी मानसून के मौसम में जिले में जलभराव रोकने के लिए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कि वे अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करें और समयबद्ध तरीके से उन परियोजनाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी परियोजना में कोई कमी पाई जाती है या परियोजना में किसी प्रकार की देरी होती है, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेवारी तय करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला में स्टोन स्टड, स्टोन स्टीनिंग, नालों की रीमॉडलिंग, स्थायी पंप हाउसों के निर्माण, निचले इलाकों में पाइपलाइन बिछाने और बाढ़ के पानी को नालों में गिराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी नदी के जो तटबंध गांवों की तरफ लगते हैं, उन तटबंधों की मजबूती पुख्ता की जाए।



उपायुक्त नेहा सिंह।

# बदलते मौसम में आहार का रखें ख्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कमजोर इम्यून सिस्टम वालों को ज्यादा समस्याएं होती



डा. आशीष

मेडिकल ऑफिसर, ऐडमिनिस्ट्रेटर एवं आरएसएसडीआई मेंबर डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि मौसम में बदलाव हो रहा है। दिन में हल्की गर्मी और रात में ठंडक महसूस हो रही है। जिसकी वजह से जुकाम, बुखार, सिरदर्द, पेट दर्द, बदन दर्द, आंखों में जलन, एक्जिमा और फ्लू जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। यह ऐसा मौसम है जब अस्थमा के मरीजों के लिए भी परेशानियां बढ़ जाती हैं. कमजोर इम्यून सिस्टम वालों को ज्यादा समस्याएं होती हैं। ऐसे में इस मौसम में दिनचर्या में कुछ बदलाव की जरूरत होती है, जिससे सेहत को किसी तरह की दिक्कतें न हो। बदलते मौसम में सुबह-शाम ठंड रहती है और दोपहर में तापमान बढ़ जाता है, ऐसे में गर्मी लगने पर ज्यादातर लोग पंखा चला लेतेहैं लेकिन ऐसी गलती करने से बचना चाहिए, क्योंकि बीमारी की यही सबसे बड़ी वजह है। इससे सर्दी-गर्मी हो सकती है और बुखार भी हो सकता है। इसलिए गर्मी महसूस हो तो आराम से बैठ जाएं, कुछ देर में तापमान सामान्य हो जाएगा।

### ऐसे करें बचाव

डॉ. अनेजा ने बताया कि ऐसे लोग जो बहुत जल्दी जुकाम और बुखार की चपेट में आते हैं, इसका मतलब उनका इम्यून सिस्टम कमजोर है. ऐसे में उन्हें खानपान में बदलाव कर ऐसी चीजें खानी चाहिए, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाए. अपनी डाइट में ग्रीन टी या ब्लैक टी शामिल कर सकते हैं। हालांकि, दिन में एक-दो कप से ज्यादा न पीएं. कच्चा लहसुन, दही, ओट्स, विटामिन डी और विटामिन सी फूड्स का सेवन करें। चावल, गेहूं, सेब और ड्राई फ्रूट्स खाएं, फल और सब्जियां खाने में रखें। इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट बीमारियों से बचाने का काम करते है।



### इस्कॉन में मनाया श्रीराम नवमी का उत्सव

**कुरुक्षेत्र।** इस्कॉन द्वारा मैन बाजार स्थित श्री राधा राधाकांत मंदिर में श्री राम जी का प्राकट्य उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। जिस में कथा व्यास श्रीमान गोविंद कृष्ण दास अध्यक्ष इस्कॉन यूथ फॉर्म प्रभु जी ने बताया कि भगवान श्री राम जी किसी की सेवा को भूलते नहीं है। वह अपने भक्तों की छोटी से छोटी सेवा को भी याद रखते हैं। एक बार चंद्र को श्रीराम जी ने वरदान दिया था कि आज के बाद जो भी मेरे नाम लेगा वो आपका नाम मेरे नाम के साथ लेगा।जैसा ही आत्मा परमात्म से दूर हो रही होती है हमें समझ जाना चाहिए कि माया ने हमें अपने वश में करना शुरू कर दिया है। श्रीराम जी मयार्दा पुरूषोतम भगवान है। श्रीराम चंद्र भगवान हम जीवो को सिखाने के लिए आए है कि एक पति को कैसा होना चाहिए, एक पुत्र को कैसा होना चाहिए, एक भाई को कैसा होना चाहिए। कथा के अंत में भगवान श्री राम जी को पुष्प अर्पित किये गए सबने मिलके कीर्तन किया और सब के लिए सु स्वादिष्ट भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।

## सेवा से साधना व साधना से सेवा में आता है निखार : गुलशन ग्रोवर



**थानेसर।** योगाश्रम कुरुक्षेत्र में सेवा कार्य करने के पश्चात भारतीय योग संस्थान के कार्यकर्ता।


**थानेसर।** भारतीय योग संस्थान पंजीकृत के गांव मिजार्पुर स्थित योगाश्रम में संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के श्रीकृष्ण योग जिला, अंबाला के 5 कार्यकर्ता जिला उप प्रधान राम नाथ कपूर के नेतृत्व में पधारे। योगाश्रम में दरवाजों व खिड़कियों के शीशे गीले कपड़े से साफ किये तथा कुछ अन्य सेवा कार्य किए। कुरुक्षेत्र में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, सेवा सिंह, नाहर सिंह, योगाश्रम केयरटेकर सुधीर कुमार व माली पंकज कुमार ने भी सेवा भाव से कार्य किया और अंबाला से पधारे सेवाभावी कार्यकतार्ओं का स्वागत व अभिनंदन किया। बाद में अंबाला के सभी कार्यकर्ता रामनाथ कपूर, डॉ एस एन जायसवाल, नरेंद्र ओबेरॉय, रामकिशन व परमजीत ने स्थानीय साधकों गुलशन कुमार ग्रोवर, सेवा सिंह व नाहर सिंह के साथ महाभारत कालीन श्रीस्थानेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्री स्थाणु महाराज के दर्शन करने के पश्चात श्री रामनवमी उत्सव में भाग लिया व भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर में दर्शन के पश्चात लगभग अढाई बजे सभी वापिस अंबाला के लिए प्रस्थान कर गये। इस अवसर पर गुलशन कुमार ग्रोवर ने कहा कि सेवा से हमारी साधना व साधना से सेवा में निखार आता है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसे सेवा भावी कार्यकतार्ओं के पुरुषार्थ को नमन एस करता हूं। प्रभु इन सब की सेवा और साधना दोनों में निरंतर वृद्धि करें ऐसी शुभकामना दी।

**श्रद्धा** | भद्रकाली शक्तिपीठ में श्रीदुर्गाष्टमी जागरण में उमड़ा जनसैलाब

# मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे, राम आएंगे.. पर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में महापर्व नवरात्रि की दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया जिसमें भगवान राम जी के सुप्रसिद्ध भजन मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे/" की विश्वविख्यात गायिका स्वाति मिश्रा, मुंबई व राकेश राणा सहारनपुर द्वारा भद्रकाली जी के चरणों में अपनी मधुर आवाज में हाजिरी लगाई गई। सर्वप्रथम पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सानिध्य में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, उमा सुधा इत्यादि ने माँ काली जी का गर्भ गृह में पूजन किया और माँ को जागरण पंडाल में विराजमान होने की प्रार्थना की। उसके पश्चात गुरुजी ने श्रीदेवीकूप पर माँ के 52 लाडले परिवारों को लाल शक्ति चुनरी से सम्मानित कर उनका पूजन करवाकर मंगल कलश वितरित किए और उन्हें 52 शक्तिपीठों की प्रतीक पावन ज्योतियों पर स्थापित करवाया। तत्पश्चात मंत्री महोदय व पीठाध्यक्ष परिवार द्वारा सिर्फ नवरात्र में गर्भगृह से निकलने वाली माँ भद्रकाली जी की पीतल प्रतिमा को पूर्ण रीति रिवाज, आदर सहित जागरण पंडाल में शंख, घंटियों व जयकारों के उद्घोष के साथ पालकी में लाया गया। इस दौरान जागरण पंडाल में हजारों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। जागरण पंडाल में सर्वप्रथम पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सान्निध्य में माँ भद्रकाली जी का ध्यान कर मुख्य यजमान केके शर्मा, एमिल ग्रुप व उमा सुधा, गिरीष कुलकर्णी व अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा विधिवत तरीके से मंत्रोचारण के साथ ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। इसके साथ ही 52 सौभाग्यशाली परिवारों द्वारा शक्तिपीठों की प्रतीक स्वरूप ज्योतियों को प्रज्ज्वलित किया।





**कुरुक्षेत्र।** भजनों की प्रस्तुति देती सुप्रसिद्ध गायिका स्वाति मिश्रा और जागरण में मौजूद श्रद्धालु।

### मंच संचालन मीना जोशी व देवांशु ने किया

जागरण में सुप्रसिद्ध गायिका स्वाति मिश्रा द्वारा उनके भजन /"निमिया के डार ,मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे, राम आएंगे, राधे राधे बरसाने वाली राधे, मैं तेरे द्वार पर चल कर आऊंगी माँ, श्री कष्ण गोविंद हरे मुरारी, मेरी माँ के बराबर कोई नही, देवकी का वियोग, मैं संतान तू माता,मेरे जीवन दाता /" इत्यादि भजनों पर प्रस्तुति दी।। दुर्गाष्टमी पर फिर से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्वाति मिश्रा का एक और भजन अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। स्वाति मिश्रा के बाद राकेश राणा द्वारा चलो बुलावा आया है ,मैं परदेसी हूं पहली पहली बार आया हूं, सिली सिली हवा, भद्रकाली माँ पे विशेष, इत्यादि भजनों की प्रस्तुति दी गई। बेटियों को समर्पित भी विशेष भजन गया गया। जागरण में मंच संचालन मीना जोशी व देवांशु शर्मा द्वारा किया गया। जागरण की समापन आरती प्रातः 5 बजे नरेश मुकेश रोहिला द्वारा सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम अम्बे जी की आरती गायी गयी, इसके बाद भोग आरती हुई, फिर मंत्रोचारण किया गया, दुर्गा चालीसा पढ़ी गयी व दुर्गा स्त्रोतम का पाठ किया गया। उसके पश्चात अध्यक्ष श्री नरेन्द्र वालिया जी ने जागरण ज्योति को व माँ की पीतल प्रतिमा को पुनः मुख्य भवन गर्भ गृह में स्थापित किया। सभी भक्तों को 56 भोग प्रसाद वितरित किया। पंडाल में बार बार इत्र का छिड़काव हुआ। अबकी बार भी फेसबुक एवं यूट्यूब पर हजारों भक्तों ने इस अद्भुत दृश्य का लाइव प्रसारण के माध्यम से आनंद लिया। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ एमके मौदगिल, देवेंद्र गर्ग हाबड़ी, प्रो. हेमराज शर्मा, शकुंतला देवी, स्नेहिल शर्मा, डॉ अन्नू, निकुंज शर्मा, संजीव मित्तल, हाकम चौधरी, जीवन मौदगिल, आशीष, मोना, सुरभि इत्यादि भक्त जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गोचरान की जमीन से 22 पेड़ चोरी

**बराड़ा।** गांव आलावलपुर में गोचरान की जमीन से सफेदे के लगभग 22 पेड़ों की चोरी का मामला सामने आया है। गांव की सरपंच नीलम देवी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि गांव के श्मशान घाट के पास गऊ चरान की लगभग 12 एकड़ भूमि पर सफेदे के पेड़ लगे हुए थे। चोरों ने गऊ चरान की जमीन से करीब 22 सफेदा के पेड़ काटकर चोरी कर लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रामायण पाठ व भंडारे का आयोजन

**बराड़ा।** उपमंडल के गांव अधोया में स्थित दक्षिणमुखी श्री पंचमुखी हनुमान व खाटू श्याम जी मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 11 और 12 अप्रैल को भव्य धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों बृजेश बंसल व अनुकूल गर्ग ने बताया कि 11 अप्रैल, शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से श्री रामायण पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। अगले दिन 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सुबह श्रीरामायण पाठ का विधिवत भोग डाला जाएगा। इसके उपरांत मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, प्रवचन, संकीर्तन आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।

### किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

**अंबाला।** एक युवक पर किशोरी को भगा कर ले जाने का आरोप लगा है।




आरोप है कि युवक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत देकर पुलिस से लड़की को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मां संतोष ने बताया कि उनकी बेटी अंजलि करीब 16 साल की है। उसने 10वीं पास कर ली है जिसके बाद वह घर पर ही बैठी है। वह 2 साल से घर पर ही रह रही है। उसने बताया कि सुमित अपनी बुआ के घर आया हुआ था। आरोप है कि सुमित रोजाना लड़की के घर के आसपास घूमता रहता है। वह शादी का लालच देकर उसे अपने साथ ले गया है।

---

### 20 लाख की लागत से बनी धर्मशाला का भी किया उद्घाटन

# चंद्रपुरी से बब्याल तक शुरू होगी सिटी बस सर्विस, विज बोले-लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी तथा सरकार की प्राथमिकता में है। इसी कडी में उनके द्वारा चंद्रपुरी, बोह, बब्याल में सिटी बस की सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ चंद्रपुरी व अन्य स्थानों पर जल्द ही बस क्यू शैल्टर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही वहां पर पंखों की सुविधा भी होगी ताकि किसी को भी धूप में बस का इंतजार न करना पड़े। इसके अलावा विज ने कहा कि धर्मशालाएं जीवन, सभ्यता और समाज के लिए जरूरी हैं क्योंकि इन धर्मशालाओं के बनने से सामाजिक काम के साथ-साथ आमजन अपने दूसरे कार्यक्रमों जैसे शादी व अन्य कार्यक्रमों को भी कर सकते हैं। यह बात चंद्रपुरी वार्ड नंबर 22 में 25 लाख की लागत से नवनिर्मित धर्मशाला का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

#### धर्मशाला का उद्घाटन



अंबाला। धर्मशाला का उद्घाटन करते परिवहन मंत्री विज।

#### सुविधा के लिए सारा जीवन लगाया

इससे पहले, शिव-पार्वती धर्मशाला के पदाधिकारियों व चंद्रपुरी के गणमान्य लोगों ने परिवहन मंत्री का यहां पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। विज ने धर्मशाला की सौगात मिलने पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मैं आपको दो तरह से बधाई देता हूं। एक तो इस धर्मशाला का उद्घाटन एवं श्री गणेश हुआ है और दूसरा यह धर्मशाला बहुत ही सुंदर एवं भव्य बनी है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि मेरे शहर के लोगों को सभी सुविधाएं मिले और इस दिशा में मैने अपना सारा जीवन भी लगा दिया है। मैंने चंद्रपुरी के साथ-साथ शाहपुर में, मच्छौंडा में, शिवाला में तथा कई जगहों पर धर्मशालाएं बनवाकर दी हैं ताकि लोग यहां पर अपने पारिवारिक कार्य व सामाजिक कार्य अच्छी प्रकार से कर सकें।

#### चंद्रपुरी में अनेकों विकास कार्य करवाए

इन सभी धर्मशालाओं में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रपुरी में अनेकों विकास कार्य करवाए गए हैं। इस मौके पर उन्होंने शिव-पार्वती धर्मशाला को 20 लाख रूपये और देने की घोषणा की ताकि यहां पर एक भव्य भवन बन सकें। धर्मशाला के बनने से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा और वे अपने सामाजिक व पारिवारिक कार्य यहां पर आसानी से कर सकेंगे। प्रोपर्टी डीलरों द्वारा यहां पर लोगों को मकान बेच दिए गए लेकिन उन्हें सुविधाएं नहीं दी और अगर जब भी मौका लगा तो इनका हिसाब करूंगा।

#### जल्द ही बस क्यू शैल्टर लगाए जाएंगे

चंद्रपुरी के साथ-साथ अन्य स्थानों पर जल्द ही बस क्यू शैल्टर लगाए जाएंगे। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारी प्रमोद लक्की, दीपक भसीन, शास्त्री मंडल अध्यक्ष प्रवेश शर्मा, उपप्रधान विपिन खन्ना, अरविंद राणा,व रवि वर्मा, महामंत्री बलित नागपाल , मंडल कोषाध्यक्ष दीपक भसीन, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी तुली,व शास्त्री मंडल मीडिया प्रभारी अशोक ठाकुर,सह मीडिया सतीश शाक्य, प्रमोद शर्मा (लक्की) सदस्य वार्ड नंबर 22, चंद्रपुरी विकास सभा शिव रतन (प्रधान), नवल-किशोर त्रिपाठी, प्रेम पठवाल, विजय शर्मा, संजीव शर्मा आदि मौजमद रहे।

---

### शहरी विकास को लेकर मेयर शैलजा सचदेवा का प्लान तैयार

# हर वार्ड के विकास पर खर्च होंगे एक-एक करोड़ रुपये

**सड़कों के निर्माण पर होगा फोकस**

**कॉलोनियों में बरसाती पानी के भराव को रोकने के लिए कार्रवाई शुरू**

- हर वार्ड में रिपेयर वर्क पर भी खर्च होंगे 25-25 लाख रुपये
- हर वार्ड के सदस्य की सहमति पर विकास को दी जाएगी गति
- बजट को लेकर 8 अप्रैल को मीटिंग अंबाला शहर के किंग फिशर में आयोजित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। नालों में गंदगी की स्थिति का निगम अधिकारियों के साथ अवलोकन करते एडवोकेट संदीप सचदेवा।

अंबाला शहर के विकास को गति देने के लिए मेयर शैलजा सचदेवा पूरी हरकत में नजर आ रही हैं। विकास कार्यों को लेकर वे लगातार नगर निगम अधिकारियों से भी अपडेट ले रही हैं। निगम के सालाना बजट को लेकर अब मेयर की ओर से सदन की मीटिंग का भी ऐलान कर दिया गया है। 8 अप्रैल को यह मीटिंग अंबाला शहर के किंग फिशर में आयोजित की जाएगी। शैलजा ने कहा कि प्रस्तावित मीटिंग में शहर के विकास के एजेंडे पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि मुख्य काम जो इस बार बजट में किया जाएगा उसमें प्रत्येक वार्ड में एक -एक करोड रुपए के विकास कार्य सीधे निगम सदस्यों के माध्यम से करवाए जाएंगे। इसमें 75 लाख रुपए की नई सड़कें और 25-25 लाख रुपए के रिपेयर के काम प्रत्येक वार्ड में सदस्य के कहने पर किए जाएंगे। इसके साथ साथ उन्होंने यह भी बताया कि इस बार नगर निगम में सफाई कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

इसके लिए निगम अधिकारियों द्वारा सरकार से मांग की जा चुकी है और वे भी सरकारी तंत्र में बात करके बहुत जल्द इस व्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे। इसके साथ साथ उन्होंने यह भी बताया कि वित्त कमेटी के तहत लगभग 25 करोड रुपए के काम जो नगर निगम के फंड से और राज्य सरकार से जो अनुदान राशि इन कार्यों को पूर्ण करने के लिए मिलेगी के द्वारा करवाए जाएंगे। मेयर ने बताया कि सदन में कुल 11 एजेंडे रखे हुए हैं। इनमें मुख्यतौर पर स्ट्रॉम वाटर, ड्रेन वॉटर, सड़कों के निर्माण , अंबाला शहर के स्वागत गेट, आरसीसी नालें, आरसीसी पाइप डालने , शहर के सौंदर्यकरण के लिए पेड पौधे, पार्क, चौक व रोड के साथ की रिपेयर का एक साल का टेंडर, सेक्टर 10, हाउसिंग बोर्ड स्टॉर्म वॉटर पाइप लाइन, सेक्टर-8, हाउसिंग बोर्ड स्टॉर्म वॉटर पाइप लाइन, कूडा/ गंदगी शहर से बाहर गाडियों की सहायता से, व महावीर पार्क का सौंदर्यकरण, महावीर पार्क की रिपेयर का कार्य किया जाएगा। प्रयास किए जाएंगे यह सारे काम इस बार जल्द से जल्द पूरे हो सके। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर में विकास के कामों के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रखे हैं।

पूर्व मंत्री असीम गोयल व मनोनीत सदस्य एडवोकेट संदीप सचदेवा का भी शहर के विकास में पूर्व सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी श्रेष्ठ कार्यकर्ता भी शहर की बेहतरी के लिए उनको अपने अपने अनुभव बता रहे हैं। इस दौरान आयुक्त के साथ सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता सदस्य हितेश जैन व राजेंद्र कौर भी उपस्थित रही।

#### बरसाती पानी से बचाएंगे शहर

मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि बरसाती सीजन से पहले शहर को बाढ़ से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाले नालियों की सफाई के साथ जलभराव वाली रिहायशी कॉलोनियों को चिह्नित कर वहां जरुरत बंदोबस्त किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बरसाती पानी के भराव को रोकने के लिए कई योजनाओं पर भी काम चल रहा है। खासकर अंबाला शहर के सैक्टर 8, 9 व 10 के साथ इंको अंडरब्रिज में होने वाले जलभराव को रोकने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। पिछले काफी समय से इन पॉश कॉलोनियों में जलभराव से नागरिक बेहद परेशान हो रहे हैं।

---

# लॉक ठीक करने के बहाने नकदी और गहनों पर किया हाथ साफ

- लॉकर में गड़बड़ होने की बात कहकर मशीन लाने के बहाने घर से निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अलमारी ठीक करने के बहाने एक घर से चोरी का मामला सामने आया है। चोर अलमारी ठीक करने आए थे और इस दौरान उसने अलमारी में रखी नकदी और जेवरात चोरी कर लिए। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। अब पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। मथुरा नगरी की रहने वाली मीनाक्षी मेहता ने बताया कि वह एक निजी स्कूल में काम करती है। उसका पति ज्यादातर घर पर ही रहता है। कुछ दिनों से उनके घर में रखी लोहे की अलमारी का ताला खराब हो गया था। इस दौरान गली में ताला ठीक करने वाले घूमते नजर आए। इस पर महिला ने उनसे ताला ठीक करने को कहा तो वे अलमारी में रखी नकदी, चेक बुक और जेवरात चोरी कर ले गए। परिवादी के अनुसार, उसके घर के लॉकर का लॉक खराब था। इसी दौरान गली में कुछ लॉक रिपेयर करने वाले आए जिस पर महिला ने उन्हें अपने लॉकर के लॉक के बारे में बताया। वे उसे ठीक करने के लिए तैयार हो गए। इसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे उसमें रखा सामान निकालकर अपने बैग में रखना शुरू कर दिया। महिला ने बताया कि वह अचानक बिना लॉक ठीक किए ही उठकर चलने लगे। पूछने पर उन्होंने कहा कि इसमें कुछ गड़बड़ है। इसकी अन्य मशीन लेकर आएंगे तब यह ठीक होगा। यह कहते हुए वह घर से निकल गए। इसके बाद काफी इंतजार किया लेकिन वह वापस नहीं लौटे। इस पर महिला को शक हुआ और उन्होंने लॉकर चेक किया तो उसमें सभी कीमती चीजें गायब मिलीं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उनकी पहचान की जा रही है।

### पीपीटी मेकिंग प्रतियोगिता में नैंसी प्रथम



**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज की वुमेन सैल द्वारा राज्य स्तरीय पीपीटी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसमें राज्य भर से 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जीएमएन कॉलेज की छात्रा नैंसी ने प्रथम स्थान , सरकारी महिला महाविद्यालय की छात्रा मन्नत ने द्वितीय और देव समाज महाविद्यालय की छात्रा डिंपी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । डीएवी कॉलेज , अंबाला शहर की छात्रा निशा और हरप्रीत ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए ।विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो वितरित किए गए। प्रथम विजेता को 1000 रुपये , द्वितीय को 700 व तृतीय को 500 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया।

---

### 85 वर्षों से लगातार पदाधिकारियों का सहमति से किया जा रहा चुनाव

# अंबाला सर्कल सैनी सभा के प्रधान बने देवेंद्र सैनी, सहमति से हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



प्रधान देवेंद्र सैनी का फूलमालाएं डालकर अभिनंदन करते सैनी सभा के सदस्य।

85 सालों से चली आ रही परंपरा को आगे बढ़ते हुए रविवार को अंबाला सर्कल सैनी सभा की कार्यकारिणी का गठन सहमति से हो गय। सभा के संरक्षक सुरजीत सिंह सौंडा, पूर्ण प्रकाश सैनी व दलजीत सिंह पूनिया की देखरेख में किया गया देवेंद्र सैनी को प्रधान चुना गया। इस चुनावी बैठक में लगभग 250 सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभा के संरक्षक पूर्ण प्रकाश सैनी ने सदन में मौजूद सभी सदस्यों व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। सैनी सभा को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत होने का सभी सदस्य संकल्प लें ताकि सैनी समाज का नाम देश प्रदेश में आगे बढ़ता रहे। सदन में पिछले वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा ज्ञानचंद सैनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। सदन के तीनों संरक्षकों ने नया प्रधान चुनने के लिए अधिकृत किया गया। इस पर पूरे सदन ने अपनी सहमति जताते हुए 3 सम्मानित संरक्षकों के साथ-साथ अन्य 6 सदस्यों को भी सदन की सहमति से शामिल कर चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की गई। चुनावी प्रक्रिया में सभी 10 उम्मीदवारों की क्षमता व योगदान पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श करने पश्चात सर्वसम्मति से देवेंद्र सिंह सैनी महमूदपुर को सभा के प्रधान पद के लिए चुनकर चुनाव समिति ने यह फैसला सदन के सामने रखा। सदन के मौजूद सभी सदस्यों ने देवेंद्र सैनी को प्रधान पद के लिए स्वीकृति दी।



अंबाला। समूह चर्चा प्रतियोगिता में हिस्सेदारी करने वाले छात्र।

### समूह परिचर्चा प्रतियोगिता में मोतिका की टीम ने मारी बाजी

**अंबाला।** अंबाला छावनी के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देसराज बाजवा के मार्गदर्शन में आज वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा समूह परिचर्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में कुल सात टीमों ने भाग लिया, जिसमें मोतिका एवं टीम ने प्रथम, ईशा एवं टीम ने ने द्वितीय एवं तन्वी एवं टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस कार्यक्रम के आयोजन समिति के सदस्य अनिल कुमार ने प्रतिभागियों को समूह परिचर्चा का औचित्य बताया। मंच का संचालन प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। विभाग अध्यक्ष डॉ परमिल कुमार ने प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया। डॉ. उषा चहल, मोनिका शर्मा एवं डॉ. लकी वर्मा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. शगुन आहूजा एवं आयोजन समिति के सदस्य श्वेता गर्ग एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।अंत में प्राचार्य द्वारा विजेताओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

---

**खेल विभाग ने जारी किया खेल कैलेंडर**

# 16 मई से राज्य में होगी खेलकूद प्रतियोगिताओं की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



प्रदेशभर में खेल विभाग की तरफ से 2025-26 में होने वाली गतिविधियों का कैलेंडर जारी कर दिया गया है। कैलेंडर के मुताबिक विभाग की तरफ से खेल प्रतियोगिताएं 16 मई से शुरू हो जाएंगी और दो मार्च 2026 तक चलेंगी। इस कैलेंडर के जारी होने के बाद अंबाला में भी खिलाड़ियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। मैदानों में सुबह-शाम खिलाड़ी पसीना बहा रहे हैं। हालांकि 16 से 18 मई को सबसे पहले रेसलिंग की प्रतियोगिता पंचकूला में होगी। अंबाला के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में इस वर्ष 22 से 24 अगस्त को तैराकी की प्रतियोगिता होगी। 24 से 26 अक्तूबर को जिम्नास्टिक की प्रतियोगिता होगी। जबकि पहली बार खेल विभाग अंबाला में 21 से 23 नवंबर को रग्बी की प्रतियोगिता करवाने जा रहा है। इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रदेशभर के खिलाड़ी भाग लेंगे। कैलेंडर के अनुसार अबकी बार सभी खेलों का सीएम कप 18 से 28 सितंबर को होगा। यह अलग-अलग स्थानों पर होगा, अभी उसका निर्णय नहीं लिया गया है। इससे पहले 20 से 22 जून को सीनियर स्टेट खेल महाकुंभ अलग-अलग मैदानों में खेला जाएगा। वालीबॉल की स्टेट चैंपियनशिप 4 से 6 जुलाई को पंचकूला के एमपीएच-3 में होगी। एथलेटिक्स की करनाल में 18 से 20 जुलाई और बैडमिंटन की पंचकूला में 1 से 3 अगस्त और बॉस्केटबॉल की 5 से 7 सितंबर को पंचकूला को चैंपियनशिप होगी।

खेल विभाग की तरफ से स्टेट इंटर खेल नर्सरी की प्रतियोगिताएं अलग-अलग मैदानों में 12 से 14 दिसंबर को होगी जबकि इंटर डिपार्टमेंट स्पोर्ट्स मीट पंचकूला में अलग-अलग की 2 से 4 जनवरी तक होगी। जबकि गुरुग्राम में 23 तो फरीदाबाद में 2 मई को मैराथन आयोजित होगी। इसके अलावा ताइक्वांडो की 10 से 12 अक्तूबर व बॉक्सिंग की 6 से 8 जून व हैंडबॉल की 7 से 9 नवंबर को होगी लेकिन इसकी जगह अभी तय नहीं की गई है।

---

# हवन यज्ञ कर भगवान श्री राम की पूजा अर्चना, संस्कारवान बनने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। हवन यज्ञ में आहुतियां डालते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

रविवार को श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा बजरंग भवन में श्री राम नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर संस्था के सदस्यों व श्री नाटक क्लब के सदस्यों ने हवन यज्ञ कर भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की। उसके पश्चात खीर का प्रसाद वितरित किया गया। संस्था के प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी व महासचिव राजेश वर्मा ने सभी को इस पर्व की बधाई देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम चंद्र हमारे आराध्य हैं। हमें उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर अपने जीवन मे संस्कारवान बनना चाहिए। संरक्षक विजय कंसल,पूर्व प्रधान जगदीश चंद वर्मा,उप प्रधान विनोद वर्मा, आदर्श गुप्ता, नरेश कुमार, सोमनाथ शर्मा, ओमप्रकाश आहूजा, मनोज वालिया,राजपाल धीमान, कुलबीर कपूर, राजेश बबला, केशव, राजेश वालिया,आरिश अग्रवाल सहित संस्था व क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

---

**धर्म कर्म** | दिव्य ज्योति जागृति संस्थान में हुआ साप्ताहिक सत्संग

# गुरु की भक्ति भक्त के लिए सर्वश्रेष्ठ अवस्था



नारायणगढ़। सत्संग में श्रीराम की महिमा का गुणगान करती साध्वी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान हुसैनी रोड स्थित आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें सर्वश्री आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी रेनू भारती ने गुरु भक्ति की महिमा को समझाया। उन्होंने कहा कि जिस हृदय में गुरु भक्ति प्रकट हो जाती है वह परम पावन हो जाता है। उसे ज्ञान के मार्ग पर चलते हुए गुरुदेव की आज्ञाओं पर भी चलना पड़ता है। उसे विचार, वैराग्य, और अनुराग के मार्ग पर चलकर आत्मा को परमात्मा की ओर लेकर जाता है। गुरु अपने शिष्य के भीतर छिपे गुणों का संचार करने के लिए शाम, दाम, दंड भेद हर तरह से उसके अवगुणों पर प्रहार करते हैं। गुरु की भक्ति करने वाले भक्त को गुरु के अनुसार चलना पडता है गुरु उसकी इच्छाएं पूर्ण नहीं करते बल्कि उनकी सभी इच्छाओं को समाप्त कर देते हैं जो सांसारिक बंधन का कारण बनती हैं। गुरू भक्ति एक भक्त की वह सर्वश्रेष्ठ अवस्था है जो तभी प्राप्त हो सकती हैं जब वह अपना अहंकार छोड़कर उस दिव्य सत्ता परमात्मा के साकार स्वरूप के चरणों में समर्पण करता है। त्रेता युग में भगवान राम के प्रस्थान का समय आ चुका था, तब भगवान राम हनुमान को बैकुंठ धाम ले जाना चाहते थे, तब हनुमान ने प्रभु राम से पूछा क्या आप बैकुंठ में होंगे, तो भगवान राम ने कहा कि मैं स्वयं भगवान राम के रुप में नहीं रहूंगा लेकिन मैं भगवान महाविष्णु के रूप में वहां रहूंगा। तब हनुमान जी ने उत्तर दिया मैं ऐसी जगह नहीं जाऊंगा, जहां भगवान राम नहीं हैं। मैं आपके नाम का ध्यान करता रहूंगा। अब भी एक रिवाज है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005